/ ২

ई–मेल द्वारा

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/अनु04/2023/2884          लखनऊःदिनांक– 19/07/2023

**विषयः–सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा, जून–2023 की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परिषद की आहूत परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 08.06.2023 में लिए गये निर्णय के क्रम में परिषद की सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा, जून–2023 की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न करायी जानी है।

उपरोक्त के अनुक्रम में सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा, जून–2023 की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु नियुक्त किये गये परीक्षकों का विवरण संस्था लॉगिन एवं परीक्षक लॉगिन पर उपलब्ध करा दिया गया है (समस्त ब्रांचों में परीक्षक आंवटन प्रक्रिया एक से दो दिवस में पूर्ण हो जायेगी)। परिषद द्वारा आवंटित प्रयोगात्मक परीक्षकों से सम्पर्क स्थापित करते हुए परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें एवं प्रयोगात्मक अंकों की प्रविष्टि परीक्षक द्वारा अपने लॉगिन के माध्यम से परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर की जायेगी।

सूच्य है कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से प्रत्येक स्थिति में यथोचित माध्यम से (श्यामपट्ट पर सूचना चस्पा करके, दूरभाष के माध्यम से या व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से) सूचित करते हुए परीक्षा पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी दशा में कोई भी छात्र/छात्रा प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित न होने पाये, अन्यथा की स्थिति में यदि कोई छात्र/छात्रा प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह जाता है और वह न्यायालय अथवा आयोग की शरण में जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

ओनली बैक पेपर परीक्षा का कोई छात्र/छात्रा जिसका प्रयोगात्मक विषय में बैक है उसकी परीक्षा संस्था में उपस्थित सम सेमेस्टर परीक्षा लेने आये हुए सम्बन्धित ग्रुप के परीक्षक द्वारा ही सम्पन्न करायी जायेगी एवं अंको की प्रविष्टि परीक्षक लॉगिन पर उपलब्ध लिंक "Entry Practical Marks (Other Than List)" के माध्यम से की जायेगी।

प्रयोगात्मक परीक्षा पूर्ण होने का परीक्षक प्रमाण पत्र संस्था प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत किया जायेगा, जिसकी प्राप्ति ई–लिस्ट के साथ संलग्न कर परिषद कार्यालय को समयान्तर्गत प्रेषित की जायेगी। परीक्षक प्रमाण पत्र का प्रपत्र पत्र के साथ संलग्न है।

प्रयोगात्मक परीक्षा संबंधी यदि कोई समस्या आती है तो उसकी सूचना परिषद कार्यालय के अनुभाग–4 की ई0मेल anubhag4bte@gmail.com पर दी जायेगी। साथ ही सूच्य है कि यदि परीक्षक द्वारा परीक्षा सम्पन्न करानें में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो संस्था द्वारा परीक्षक से इस सम्बन्ध में ई0मेल/पत्र प्राप्त कर लिया जाये अथवा परीक्षक के लॉगिन पर Rejection की सुविधा उपलब्ध है, जिसके माध्यम से भी परीक्षक रिजेक्ट कर सकते हैं। संस्था स्वयं के स्तर पर परीक्षक से संपर्क स्थापित करेंगे तथा संपर्क स्थापित न होने पर ई0मेल के माध्यम से परीक्षक को सूचित करेंगे, जिसका विवरण संस्था स्तर पर सुरक्षित रखेंगे।

प्रयोगात्मक परीक्षा पूर्ण होने के उपरांत प्रयोगात्मक अंकों की ई–लिस्ट की हार्डकापी पेपर कोड के बढ़ते कम में व्यवस्थित कर सम्बन्धित परीक्षक प्रमाण पत्र के साथ बांइडिंग कराते हुए परिषद कार्यालय को समयान्तर्गत उपलब्ध करायी जायेगी।

भवदीय,

19.7.23

(राकेश वर्मा)

सचिव।

पृ0सं0:–प्राशिप/अनु04/2023/ 2885–87 तद्दिनॉक– 19.7.2023

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पूर्वी क्षेत्र।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

19.7.23

(राकेश वर्मा)

सचिव।

# प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश

## प्रमाण–पत्र

(संस्था द्वारा प्रत्येक प्रयोगात्मक परीक्षक को इस प्रपत्र पर प्रमाण–पत्र दिया जाय)

नोट–(1) इस प्रमाण–पत्र को पाँच प्रतियों में बनाया जाय और जैसे ही कोई प्रयोगात्मक परीक्षक संस्था में सभी सम्बन्धित प्रयोगात्मक परीक्षा समाप्त करके जाने लगे, तीन प्रतियाँ परीक्षक को दे दी जाय, चौथी प्रति उसी समय परिषद् को सूचनार्थ भेज दी जाय और पाँचवी प्रति संस्था अपने अभिलेखों में रख ले।

(2) बैक पेपर के रूप में सम्मिलित होने वाले छात्रों तथा ऐसे छात्र/छात्रों जिनकी प्रयोगात्मक परीक्षा छूट जाने के कारण आप को संस्था से परीक्षा देने को अनुमति दी गयी है, के सन्दर्भ में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों के नाम तथा अनुक्रमांक नीचे अवश्य लिखने का कष्ट करें।

प्रमाणित किया जाता है कि प्रयोगात्मक परीक्षक का नाम तथा परीक्षक का कोड नं0 ..................................

परीक्षक का मोबाइल नं0 ............................................................ ने इस संस्था में निम्नलिखित परीक्षायें सम्पन्न कर ली है। अन्य विवरण भी निम्नवत् है।

| क्रम-सं0 | प्रयोगात्मक विषय का नाम | विषय पेपर कोड | कक्षा का नाम | पाठ्यक्रम का नाम | पाठ्यक्रम कोड | परीक्षार्थियों की पंजीकृत–संख्या | प्रयोगात्मक परीक्षा में बैठे परीक्षार्थियों की संख्या | अनुक्रमांक सहित अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या | परीक्षा तिथियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | | | | | | | | | |
| 2. | | | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | | | |
| 4. | | | | | | | | | |
| 5. | | | | | | | | | |
| 6. | | | | | | | | | |

नोट–1–स्तम्भ 5 एवं 6 में दर्शायी गयी संख्या का योग स्तम्भ 4 के बराबर होना चाहिए।

2–यदि परिषद् द्वारा किसी छात्र/छात्रों को प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु अधिकार पत्र दिया जाता है तो उक्त प्रमाण–पत्र में अनुक्रमांक सहित अलग से उल्लेख करें।

संस्था का कोड ...................................................................... संस्था का नाम ...............................................................

..................................

(प्रधानाचार्य)

संस्था की सील

दिनांक ......................

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 11 प्रा0शि0परिषद्–2–1–2013–(3132)–10,000 प्रतियां (क0/टी0/आफसेट)।

11 M.S.P.-2013/Data 9